दैनिक जागरण

बरेली, शनिवार
11 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

PAGE NO, I, TOP

टूर्नामेंट : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट एसआरएमस ग्राउंड पर अपराह्न दो बजे।

दैनिक जागरण

बरेली, शनिवार
11 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 20+4=24

PAGE NO, III,MIDDLE

एमडीसीए और आइके नेक्स्ट सेमीफाइनल में पहुंची

एमडीसीए ने तेजस्वी स्पोर्ट्स को पांच रन से और आइके नेक्स्ट ने एसआरएमएस किंग्स को नौ विकेट से हराया

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट

भोजीपुरा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट खेलते खिलाड़ी • सौ. आयोजक

- दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में तेजस्वी स्पोर्ट्स और एमडीसीए मेरठ के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला
- एमडीसीए के खिलाफ विआन राना की 65 गेंदों पर नाबाद 149 की पारी के बाद भी तेजस्वी पराजित

आज सेमीफाइनल के मुकाबले

17वां मैच (पहला सेमीफाइनल) दोपहर दो बजे : बजाज टेक्सटाइल अमरोहा और मेरठ डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के बीच

18वां मैच (दूसरा सेमीफाइनल) शाम 6:30 बजे : आइके नेक्स्ट जनरेशन और एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और एनएनएस बुलंदशहर के बीच होने वाले चौथे क्वार्टर फाइनल में विजेता से।

बरेली: श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट (सीजन-6) अब फाइनल के रोमांचक दौर की ओर बढ़ चुका है। क्वार्टर फाइनल मुकाबलों से ही टूर्नामेंट में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा और उलटफेर देखने को मिले। पहले क्वार्टर फाइनल में बजाज टेक्सटाइल अमरोहा ने आइके कलेक्शन बरेली को 33 रन से हराया। इसके बाद दूसरे और तीसरे क्वार्टर फाइनल में भी रोमांच चरम पर रहा।

दूसरे क्वार्टर फाइनल में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) ने तेजस्वी स्पोर्ट्स मेरठ को बेहद रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, तीसरे क्वार्टर फाइनल में आइके नेक्स्ट जनरेशन ने एसआरएमएस किंग्स को नौ विकेट से मात देकर अंतिम चार में जगह बनाई। एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए दूसरे क्वार्टर फाइनल में तेजस्वी स्पोर्ट्स के कप्तान अभियुद्धय तोमर ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एमडीसीए ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए 233 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से ऋतुराज शर्मा ने 44 गेंदों पर 92 रन, सत्यम संधू ने 49 रन, हर्ष त्यागी ने 40 रन और समीर चौधरी ने 26 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी तेजस्वी स्पोर्ट्स की शुरुआत खराब रही और टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। हालांकि ओपनर विआन राना ने शानदार संघर्ष करते हुए 65 गेंदों पर नाबाद 149 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने 11 छक्के और 15 चौके लगाए, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ न मिलने के कारण टीम को पांच रन से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए दो खिलाड़ियों को मैन आफ द मैच चुना गया। तेजस्वी के विआन राना और एमडीसीए के ऋतुराज शर्मा को संयुक्त रूप से यह सम्मान मिला। तीसरे क्वार्टर फाइनल में एसआरएमएस किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 110 रन बनाए। टीम की ओर से नितिन गंगवार (28), हिमांशु गंगवार (19), युवी (11) और ओम हरि यादव (13) ही दहाई का आंकड़ा छू सके। जवाब में आइके नेक्स्ट जनरेशन ने सधी शुरुआत करते हुए 10 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 111 रन बनाकर मैच नौ विकेट से जीत लिया। आर्यन जुआल ने 38 गेंदों पर नाबाद 70 रन (पांच छक्के, छह चौके) की शानदार पारी खेली और मैन आफ द मैच बने। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। आयोजन समिति के सचिव डॉ. नितिन सक्सेना ने बताया कि दोनों सेमीफाइनल मुकाबले शनिवार को खेले जाएंगे। पहला मुकाबला बजाज टेक्सटाइल अमरोहा और एमडीसीए के बीच दोपहर में होगा, जबकि दूसरा सेमीफाइनल शाम 6:30 बजे खेला जाएगा। इसमें आइके नेक्स्ट जनरेशन की टीम पहुंच चुकी है, जबकि दूसरी टीम का फैसला एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और एनएनएस बुलंदशहर के बीच होने वाले चौथे क्वार्टर फाइनल से होगा।